सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 162 | इंदौर, शुक्रवार 26 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

●ग्वालियर में कैलाश खेर के शो में हंगामा

## पब्लिक हुई बेकाबू- बैरीकेड तोड़े, बंद करना पड़ा इवेंट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर, एजेंसी। मशहूर बॉलीवुड सिंगर और पद्मश्री से सम्मानित कैलाश खेर के ग्वालियर में आयोजित लाइव शो के दौरान उस वक्त हंगामा मच गया, जब भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। हालात इतने बिगड़ गए कि कैलाश खेर को बीच में ही अपनी परफॉर्मेंस रोकनी पड़ी और स्टेज से लोगों से संयम बरतने की अपील करनी पड़ी।

### बैरीकेड तोड़ते हुए स्टेज की ओर बढ़ने लगी भीड़

जानकारी के मुताबिक, क्रिसमस के मौके पर ग्वालियर के मेला मैदान में भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम में कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति दे रहे थे। शो के दौरान अचानक दर्शकों की भीड़ बैरीकेड तोड़ते हुए स्टेज की ओर बढ़ने लगी।

### अफरा-तफरी का हुआ माहौल

भीड़ के स्टेज तक पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को देखते हुए कैलाश खेर ने गाना रोक दिया और स्टेज से कहा, "आप जानवरों जैसा व्यवहार कर रहे हैं, प्लीज ऐसा मत कीजिए।" इसके बावजूद हालात सामान्य नहीं हो सके और सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम को बीच में ही बंद करना पड़ा।

हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने या जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने हालात को संभालने की कोशिश की और भीड़ को पीछे हटाया।

### बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे

कैलाश खेर के लाइव शो देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे। अपने सूफी और इंडियन फोल्क गानों के लिए मशहूर कैलाश खेर के 'तेरी दीवानी', 'सइयां' और 'बम लहरी' जैसे गाने आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। यही वजह है कि उनके लाइव शोज में भारी भीड़ उमड़ती है।

●अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट का शुभारंभ

# गृह मंत्री अमित शाह ने 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर ग्वालियर के मेला ग्राउंड में 'अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट निवेश से रोजगार' का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ने अटल जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने करीब 2 लाख करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। इन परियोजनाओं से राज्य में लगभग 1.93 लाख रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना जताई गई है।**

समिट के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर मेले का उद्घाटन किया और अटल संग्रहालय के नवीनीकरण कार्य को भी जनता को समर्पित किया। अधिकारियों के अनुसार समिट में करीब 25 हजार लाभार्थी तथा हजारों उद्यमी और निवेशक भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में निवेश को बढ़ावा देना और औद्योगिक विकास को नई दिशा देना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई वरिष्ठ मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने और देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

राज्य सरकार के अनुसार यह ग्रोथ समिट केवल निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें उद्योग, शहरी विकास, पर्यटन, एमएसएमई, स्टार्टअप और रोजगार को एक साथ आगे बढ़ाने का समग्र विजन प्रस्तुत किया गया है। समिट के माध्यम से मध्यप्रदेश के विकास मॉडल को एक नए और व्यापक दृष्टिकोण के साथ देश और दुनिया के सामने रखा जा रहा है।

सिर्फ चलित भस्म आरती में जा सकेंगे श्रद्धालु, 12 दिन बदली रहेगी व्यवस्था

# एक जनवरी को भस्म आरती में ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रवेश नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** नववर्ष पर महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति ने अगले 12 दिनों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक देशभर से करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने दर्शन और भस्म आरती की व्यवस्थाओं में कई बदलाव किए हैं।

मंदिर समिति के अनुसार 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग बंद रहेगी। इस अवधि में श्रद्धालु केवल ऑफलाइन माध्यम से ही भस्म आरती की बुकिंग करा सकेंगे। हालांकि नववर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को होने वाली भस्म आरती के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की बुकिंग पूरी तरह बंद कर दी गई है।



### मंदिर में प्रवेश की व्यवस्था भी बदली

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर में प्रवेश व्यवस्था को भी बदला गया है। सामान्य दर्शन, शीघ्र दर्शन टिकट और प्रोटोकॉल के तहत आने वाले श्रद्धालुओं को अलग-अलग द्वारों से प्रवेश दिया जाएगा, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और दर्शन में किसी तरह की अव्यवस्था न हो। इसके अलावा भस्म आरती में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। भक्तों को भस्म आरती के दौरान तीन अलग-अलग

### चलित भस्म आरती में शामिल हो सकेंगे श्रद्धालु

महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि महाकाल मंदिर समिति ने 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक भस्म आरती की ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था को ब्लाक कर दिया है। 1 जनवरी की भस्म आरती ऑफलाइन अनुमति व्यवस्था भी बंद रहेगी। प्रशासक ने कहा कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चलित भस्म आरती खुली रहेगी। इस दौरान भक्त सुबह लाइन में लगकर भस्म आरती के दर्शन कर सकेंगे। इस दौरान उन्हें पहले से अनुमति भी नहीं लेनी होगी।

# सांसद खेल महोत्सव-2025 में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दिव्यांग खिलाड़ियों को दिया प्रेरणादायी संदेश

## सांसद शंकर लालवानी के नेतृत्व में हुआ भव्य आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सांसद खेल महोत्सव-2025 के अंतर्गत आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की मेहनत, आत्मविश्वास और जज़्बे की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी देश के लिए प्रेरणा हैं।**





इंदौर में आयोजित इस आयोजन का नेतृत्व सांसद शंकर लालवानी ने किया। सांसद खेल महोत्सव–2025 के माध्यम से खेल, स्वास्थ्य, युवा भागीदारी और सामाजिक समावेशन का संदेश एक साथ सामने आया। इस वर्ष हजारों खिलाड़ियों ने पंजीयन कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे इंदौर में खेल संस्कृति के विस्तार की तस्वीर साफ दिखाई दी।

**दिव्यांग खिलाड़ियों की उल्लेखनीय भागीदारी-** सांसद खेल महोत्सव–2025 की सबसे अहम विशेषता दिव्यांग खिलाड़ियों की बड़ी भागीदारी रही। करीब एक हजार से अधिक दिव्यांग खिलाड़ी इस आयोजन का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन से खिलाड़ियों में नया आत्मविश्वास देखने को मिला और उनके मनोबल को मजबूती मिली।

**वैष्णव महाविद्यालय में हुआ मुख्य आयोजन-** मुख्य कार्यक्रम 25 दिसंबर 2025 को वैष्णव महाविद्यालय, इंदौर के ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया गया। दिव्यांग खिलाड़ियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयोजन स्थल का चयन किया गया, ताकि सभी प्रतिभागी सहज और सुरक्षित वातावरण में कार्यक्रम में शामिल हो सकें। कार्यक्रम की शुरूआत सांसद शंकर लालवानी ने दीप प्रज्वलन कर की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की सोच पैदा करता है। उन्होंने फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों का भी उल्लेख किया।

**प्रधानमंत्री के प्रति आभार-** कार्यक्रम के दौरान सांसद शंकर लालवानी ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रेरणा से देशभर में खेलों को लेकर सकारात्मक माहौल बना है और उसका असर इंदौर में भी साफ दिखाई दे रहा है।

**सम्मान के पल-** कार्यक्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर सम्मान पाते समय खिलाड़ियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और गर्व साफ झलक रहा था। उनके परिजन भी इस क्षण के साक्षी बने।

**गरिमामय उपस्थिति-** कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त निदेशक पवन चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी, मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी पंकज गोस्वामी, वैष्णव इंस्टीट्यूट की प्राचार्य डॉ. सीमा पेठनकर, जिला खेल अधिकारी सुश्री रीना चौहान, कार्यक्रम संचालक सुश्री सुनयना शर्मा और सांसद खेल महोत्सव–2025 के समन्वयक कपिल जैन सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे। इसके अलावा विभागीय अधिकारी, खेल संघों के प्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

**तीन स्तरों पर हुआ आयोजन-** सांसद खेल महोत्सव–2025 को व्यापक बनाने के लिए प्रतियोगिताएं ग्राम पंचायत और नगर निगम स्तर, ब्लॉक और वार्ड स्तर तथा संसदीय क्षेत्र स्तर पर आयोजित की गईं। इसके साथ ही फिट इंडिया कार्निवल का आयोजन कर युवाओं को नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**खेल से जुड़ता समाज-** सांसद खेल महोत्सव–2025 केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने की पहल बनकर सामने आया। दिव्यांग खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी और प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी संबोधन ने इस आयोजन को इंदौर में खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा।

# ई-चालान की एपीके फाइल ने खाली करवाए बैंक अंकाउट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने ई-चालान की एपीकेफाइल के जरिए बैंक अकाउंट खाली करने के मामले में साइबर ठगी की पहली एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित के वॉट्सएप पर ई-चालान का मैसेज आया था, जिसमें एपीके फाइल संलग्न थी। जैसे ही पीड़ित ने फाइल खोली, उसका बैंक अकाउंट कुछ ही मिनटों में खाली हो गया।




एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 37 वर्षीय विक्की क्षेत्री, निवासी होल्कर विला दशहरा मैदान रोड की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। विक्की पेशे से ड्राइवर है। 10 नवंबर को उसके वॉट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से ई-चालान की एपीके फाइल आई थी। फाइल खोलते ही पहले 70 हजार, फिर 50 हजार और बाद में 3 हजार रुपए उसके खाते से निकल गए। कुल 1 लाख 23 हजार रुपए की ठगी हुई। इसके बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की, जांच के बाद क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज कराई। इसी थाना क्षेत्र में अरविंद कुमार शर्मा के साथ 3 लाख 68 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। 21 नवंबर को उन्हें अनसूइया नाम की महिला ने कॉल कर रेटिंग टास्क का ऑफर दिया। शुरुआती तीन टास्क पूरे करने पर 150 रुपए मिले। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहां अधिक लाभ का लालच देकर लगातार ट्रांजेक्शन करवाए गए। बाद में क्रेडिट स्कोर कम बताकर 3 लाख 68 हजार रुपए की ठगी कर ली गई।

# जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सतत रूप से जारी

## सुनवाई केंद्रों पर मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे–आपत्तियों की सुनवाई हेतु बनाए गए केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार ने विभिन्न सुनवाई केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिले में गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। इसके पश्चात मैपिंग से संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिनकी सुनवाई के लिए नवाचार के तहत समुचित और सुव्यवस्थित इंतजाम किए गए हैं। सुनवाई केंद्रों पर मतदाताओं के लिए बैठने की व्यवस्था, छाया, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। साथ ही, प्रत्येक केंद्र पर कंप्यूटर एवं प्रशिक्षित कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है, ताकि दावे–आपत्तियों का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने नोटिस के अनुसार उपस्थित होकर सुनवाई में भाग लें, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

# सड़क का निर्माण तेजी से जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मालवीय नगर गली नंबर 2 से खजराना चौराहे तक, फिर जमजम चौराहे से स्टार चौराहे और स्टार चौराहे से एडवांस एकेडमी तक नई सड़क का निर्माण तेजी से जारी है। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव अधिकारियों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। नगर निगम आयुक्त ने सबसे पहले मालवीय नगर गली नंबर 2 में बन रही सड़क का जायजा लिया। इस मार्ग का चौड़ीकरण पहले अतिक्रमण हटाने के बाद किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़क की क्वालिटी, लेवलिंग और निर्माण समय-सीमा की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# एबी रोड का नाम किया जाएगा अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एबी रोड का नाम अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग करने के प्रस्ताव को एमआईसी की बैठक में पारित किया गया। गुरुवार को कुछ ही देर के लिए एमआईसी की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्व सम्मति से ये निर्णय लिया गया। अब इंदौर नगर निगम मध्यप्रदेश सरकार और भारत सरकार को आगर-बांबे रोड का नाम अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग करने के लिए पत्र लिखेगा। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में कुछ ही देर के लिए एमआईसी की बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, एमआईसी मेंबरों सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आज 101वीं जयंती है। जन्म जयंती पर आज इंदौर नगर निगम ने उनके कई सारे ऐतिहासिक कामों (भारत की चारों दिशाओं को जोड़ने वाली सड़कें, शहरों से गांवों को जोड़ने और गांवों को पंचायत कार्यालय से जोड़ने) को ध्यान में रखते हुए एबी रोड का नाम बदलने का निर्णय लिया गया। यह नामकरण शहर के अंदर से निकले रोड का रहेगा। इसी पर बीआरटीएस भी बना है। भार्गव ने बताया कि एमआईसी में प्रस्ताव पारित करते हुए सभी एमआईसी साथियों को एक सुझाव भी आया कि आगरा और बांबे को कनेक्ट करने वाली रोड वर्षों से आगर-बांबे रोड एबी रोड कही जाती है, तो इंदौर नगर निगम अपनी अनुशंसा या मांग पत्र के रूप में मध्यप्रदेश सरकार और भारत सरकार से निवेदन करेगी कि इस पूरे मार्ग का नाम अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग कर दे।

## फिजियोथेरेपी पर तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप 9 जनवरी से होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आगामी 9 से 11 जनवरी तक शहर में फिजियोथेरेपी विषय पर तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप होने जा रही है। इस बार की थीम री -सेट एपरोच है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू ने बताया कि री - सेट एपरोच पैथी को इजाद जर्मनी के आस्टो पैथ डॉ. टॉम मेयर ने किया है ,जो तीनों दिन शहर में फिजियोथेरेपिस्टो को लाईव प्रशिक्षण देंगे। यह पैथी विशेषकर उन लोगों के लिए है, जो प्रायः तनाव में जीते है और एक तरह से मानसिक रूप से स्वय को बीमार मान लेते है। इन व्यक्तियों के शरीर में ऐसी भावनात्मक असमानताएं पाई जाती है, जिसे दवाइयो और मेन्यूअल से ठीक नहीं किया जा सकता है। उनका उपचार री- सेट एपरोच पैथी में संभव है। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कवि इस पैथी में मरीज की आटो मेटिक मेन्यूअल सिस्टम की बेलेंसिंग की जाती है। इस चिकित्सा पद्धति में मरीज कुछ ही सीटिंग में ठीक हो जाता है। इस वर्कशॉप में मध्य प्रदेश के अलावा कर्नाटक, दिल्ली, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलगाना आदि राज्यों के फिजियोथेरेपिस्ट आएँगे। आयोजन एसडी पी सी की ओर से किया जा रहा है।

सिर पर भारी वस्तु से हमला...

## पति ने पत्नी को मार डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। निरंजनपुर इलाके में बुधवार रात एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला अपने ही घर के किचन में घायल अवस्था में पड़ी मिली थी, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। मामले की सूचना अस्पताल से पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। जांच में हत्या की पुष्टि हुई है, जबकि आरोपी पति फरार है।**



लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि बुधवार रात अस्पताल से संगीता चौहान (45) की मौत की सूचना मिली थी। जांच के दौरान मृतका के बेटे आकाश ने बताया कि वह और उसका भाई काम पर गए थे। रात में जब दोनों घर लौटे तो मां सामने के कमरे में नहीं मिली। किचन में जाने पर मां जमीन पर घायल अवस्था में पड़ी थी और सिर से खून निकल रहा था। मां को इस हालत में देखकर वह चिल्लाया, तभी उसके पिता रमेश चौहान को घर से बाहर की ओर तेजी से भागते हुए देखा गया। बाद में आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी गई और घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में महिला के सिर पर भारी वस्तु से वार किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पति रमेश चौहान घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद ही घटना के पीछे के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### ● दूसरी महिला से अफेयर का खुलासा

मृतका के बेटे आकाश ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का किसी दूसरी महिला से प्रेम संबंध था, जिसको लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। आकाश के अनुसार घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं था। उसने बताया कि उसकी मां सिलाई का काम करती थी, जबकि पिता लोडिंग वाहन चलाने का काम करते हैं।

ज्वेलरी शॉप चोरी का खुलासा

## ग्राफिक्स डिजाइनर और उसकी महिला साथी ने की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राउ थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले हुई ज्वेलरी शॉप चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक ग्राफिक्स डिजाइनर युवक और उसकी महिला साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पहले इलाके की रेकी की और फिर वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद दोनों शहर छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने उनके पास से करीब 16 लाख रुपए की चोरी की ज्वेलरी बरामद की है। दोनों आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया।**



डीसीपी कृष्णालाल चंदानी ने बताया कि राउ थाना क्षेत्र के सिलिकॉन सिटी में स्थित देवेंद्र सोनी की श्री ज्वेलर्स दुकान में चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी छत के रास्ते दुकान में उतरते और वारदात के बाद फरार होते नजर आए थे। जांच के दौरान पुलिस ने मंडला जिले निवासी प्रियांशु को गिरफ्तार किया और उसके पास से बड़ी मात्रा में चोरी की ज्वेलरी बरामद की। मामले में उसकी साथी आर्या, जो नीट की तैयारी कर रही है, को भी हिरासत में लिया गया है।डीसीपी ने बताया कि आरोपी प्रियांशु टीसीएस कंपनी में ग्राफिक्स डिजाइनर के पद पर कार्यरत था, लेकिन करीब दो माह पहले एआई तकनीक के कारण उसकी नौकरी चली गई थी। इसके बाद वह आर्थिक संकट में आ गया और इसी परेशानी के चलते उसने चोरी की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी एक्टिवा से रोजाना सिलिकॉन सिटी पहुंचते थे और रात के समय इलाके की रैकी करते थे। गश्त के दौरान एक सब-इंस्पेक्टर को दोनों संदिग्ध लगे, जिसके बाद उन्होंने उनकी गाड़ी की फोटो भी ले ली थी। इसके अलावा देवेंद्र सोनी की दुकान के सीसीटीवी फुटेज में भी दोनों की एक्टिवा नजर आई थी।इसी सुराग के आधार पर पुलिस वाहन के मालिक तक पहुंची और फिर आरोपी युवक-युवती की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। चोरी के बाद दोनों आरोपी क्रिसमस मनाने के लिए शहर से बाहर निकल गए थे। मोबाइल डेटा के आधार पर पुलिस ने उन्हें भोपाल के कमलापति स्टेशन के बाहर से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने चोरी किए गए जेवर अपने पास ही रखे थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर जब्त कर लिया है।

## तीन दिन से लापता आटो ड्राइवर का मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजेन्द्र नगर इलाके में रहने वाले ऑटो ड्रायवर का शव नेनौद इलाके में एक सुनसान जगह पर पड़ा मिला। नजदीक ही उसका ऑटो भी खड़ा था। परिवार ने शव मिलने के बाद दोनों थानों की पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिवार का कहना था कि राजेन्द्र नगर में पहले उनकी सुनवाई नहीं हुई। वहीं, सुनसान इलाके में गांधीनगर पुलिस को ऑटो रिक्शा नहीं दिखा। पुलिस ने शव का पीएम कराया है।**



गांधीनगर पुलिस के मुताबिक मृतक राजेन्द्र(52) पुत्र गुलाम यादव निवासी सुख निवास केट रोड है। परिवार के लोगों ने बताया कि राजेन्द्र 23 दिसंबर से लापता था। परिवार के लोग उन्हें ढूंढ रहे थे। बुधवार दोपहर उनका शव यहां पड़े होने की जानकारी लगी थी। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे थे। परिवार ने बताया कि राजेन्द्र 23 की सुबह स्कूल के बच्चे छोड़ने गए थे। इसके बाद घर नहीं आए। बाद में परिवार के लोग राजेन्द्र नगर थाने पहुंचे थे। जिसमें पुलिस ने पहले आवेदन लेने की बात कही थी। परिवार का आरोप था कि रोड से लगे हुए खाली मैदान में राजेन्द्र का शव मिला, लेकिन उसके बाद भी गांधी नगर पुलिस दो दिन तक लावारिस ऑटो को देखकर जानकारी नहीं निकाल पाई। उनका आरोप था कि दोनों थानों के पुलिसकर्मियों की लापरवाही से राजेन्द्र की जान गई है। राजेन्द्र ने दो शादी की थी। फिलहाल मामला जांच में है।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के सार्वजनिक जीवन में शुचिता और पारदर्शिता रही सर्वोपरि : केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह

## केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता से किसानों की बढ़ा रहे हैं आय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सार्वजनिक जीवन में शुचिता और पारदर्शिता का स्थान सर्वोपरि रहा है। उन्होंने कहा कि स्व. वाजपेयी ने सुशासन की स्थापना के लिये अपने कार्यों से नये आयाम स्थापित किये। उन्होंने जो कहा उसे धरातल साकार करके दिखाया। केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारतीय राजनीति में स्व. वाजपेयी का स्थान और योगदान दोनों ही अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी को रीवा से सदैव विशेष लगाव रहा।**





केन्द्रीय मंत्री श्री शाह रीवा में बसामन मामा गौ वन्य विहार अभयारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ कर कृषक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बसामन मामा प्राकृतिक खेती प्रकल्प विंध्य के किसानों के लिये मार्गदर्शक बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिये राज्य सरकार द्वारा समन्वित तरीके से सतत समग्र प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दूध के उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक किया जायेगा। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों को हितलाभ एवं संकल्प पत्रों को वितरण किया।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश का रीवा क्षेत्र धीरे-धीरे विकसित क्षेत्र बन रहा है। आज एशिया का सबसे बड़ा सोलर प्लांट रीवा में है। रीवा से जबलपुर तक सड़कों के जाल सहित इंदौर और दिल्ली के लिये वायु सेवा का भी विस्तार हुआ है। अब रीवा एयरपोर्ट से इंदौर और दिल्ली के लिए 24 घंटे हवाई सेवा उपलब्ध है। रीवा में बसावन मामा गौवंश वन्य विहार के रूप में अनुकरणीय प्रकल्प तैयार किया गया है। यहां गोबर से बने खाद से प्राकृतिक खेती की जा रही है। एक एकड़ में सवा लाख रुपए की आय देने का यह प्रयोग छोटे किसानों को बड़ा लाभ प्रदान करेगा। किसान इस मॉडल को अपनाएंगे तो उनकी आय बढ़ेगी। राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को इस परंपरागत मॉडल से अवगत कराने के लिये उनका भ्रमण कराये। उन्होंने कहा कि एक देशी गाय से 21 एकड़ रकबे में प्राकृतिक खेती होती है। किसान ही अन्नदाता है। अन्नदाता को प्राकृतिक खेती के लिये प्रेरित करने के साथ ही प्रोत्साहित करने के समग्र प्रयास हम सबको समन्वित तरीके से करना है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि अनाज के उत्पादन में रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग के कारण कई तरह की बीमारियां बढ़ रही हैं। इससे बचाव के लिये जरूरी है कि हम सभी प्राकृतिक के संवर्धन में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि बसावन मामा गौवंश वन्य विहार के भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री शाह के द्वारा 35 साल पहले गुजरात में जैविक खेती संवर्धन के लिये जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री शाह के द्वारा 35 साल पहले शुरू किये गये कार्य को राज्य सरकार आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं रखेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने के लिये उन्हें दुग्ध उत्पादन के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना से किसानों को लाभांवित किया जा रहा है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से एमओयू किया गया है। इससे किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। राज्य सरकार दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार जैसे अनेक कार्य भी कर रही है। किसान सम्मेलन में रीवा के प्रभारी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक सर्वश्री नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, नरेन्द्र प्रजापति, सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जनप्रतिनिधि श्री महेन्द्र सिंह, श्री वीरेन्द्र गुप्ता स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# नए साल की शराब पार्टी के लिए लाइसेंस जरूरी

### आबकारी विभाग ने तय की फीस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नए साल की पार्टी में जाम छलकाने के लिए फीस चुकानी होगी, इसके लिए आबकार विभाग ने लाइसेंस फीस तय कर दी है। यदि बिना लाइसेंस के शराब पार्टी की गई तो विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा जारी आदेश अनुसार स्वयं के मकान पर यदि शराब पार्टी कर रहे हैं तो 500 रुपये प्रति लाइसेंस और मैरिज गार्डन, सामुदायिक भवन के लिए पांच हजार रुपये प्रति लाइसेंस फीस देना होगी। वहीं लाजिंग,बोर्डिंग की सुविधा वाले, होटल, रेस्टोरेंट को एक दिन के लिए 10 हजार रुपये प्रति लाइसेंस फीस देना होगा। जबकि आबकारी विभाग ने व्यवसायिक किस्म के कार्यक्रमों ,आयोजनों आदि के लिए लोगों की संख्या के हिसाब से लाइसेंस की फीस तय की है।जिसमें 500 व्यक्तियों के कार्यक्रम के लिए 25 हजार, एक हजार के लिए 50 हजार, दो हजार के लिए 75 हजार, पांच हजार तक के लिए एक लाख और पांच हजार से अधिक के लिए दो लाख रुपये एक दिन के लाइसेंस की फीस देनी होगी।



### ● लिव इन पार्टनर अस्पताल में छोड़कर भागा

# नर्स ने कर ली आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्यार में वफा की कसमें और फिर शादी से खौफनाक इनकार! भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां जेके अस्पताल की 30 वर्षीय नर्स मेघा यादव ने एनेस्थीसिया का ओवरडोज लेकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात मेघा का लिव-इन पार्टनर रूपेश साहू उसे मरणासन्न हालत में अस्पताल लाया। खुद को कानून से बचाने के लिए उसने अपनी पहचान छिपाई और डॉक्टरों को अपना परिचय 'मुंहबोला भाई' बताकर उसे भर्ती कराया और वहां से फरार हो गया। जब परिजनों ने उसे फोन किया, तो रूपेश का मोबाइल बंद मिला। मेघा के छोटे भाई राजा यादव ने बताया कि रूपेश साहू उसकी बहन का प्रेमी है। परिवार को इस रिश्ते की जानकारी थी। दोनों करीब चार साल से साथ रह रहे थे। वे शादी के लिए भी तैयार थे। करीब छह महीने पहले रूपेश ने शादी को लेकर परिवार से बात की थी। परिजनों का आरोप है कि मेघा और रूपेश पिछले 4 साल से साथ रह रहे थे। 6 महीने पहले तक रूपेश शादी के लिए राजी था, लेकिन पिछले कुछ समय से वह मुकर गया था। इसी मानसिक प्रताड़ना और धोखे के कारण मेघा गहरे तनाव में थी। पेशेवर नर्स होने के कारण उसे दवाओं की जानकारी थी, जिसका फायदा उठाकर उसने अपनी मौत को गले लगा लिया। आरोपी कोलार पुलिस ने मेघा के कमरे से मेडिकल सामग्री और सीरिंज जब्त की है। पुलिस अब रूपेश की तलाश में जुटी है, जिसने प्यार के नाम पर न सिर्फ मेघा को धोखा दिया, बल्कि उसे आखिरी वक्त में अस्पताल में अकेला छोड़ दिया। हालांकि क्या यह केवल आत्महत्या है या मानसिक हत्या? भोपाल पुलिस अब इस उलझी हुई प्रेम कहानी के हर पन्ने को खंगाल रही है।

# किराएदार ने मकान मालिक का गला काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी।** धार जिले के पीथमपुर सेक्टर-1 थाना इलाके में बुधवार रात किराएदार ने मकान मालिक का गला काटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने युवक को मकान की दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। महू-नीमच मार्ग स्थित होटल पैराडाइज के पास अक्षय (23) पिता बाग सिंह फुलवारे का तिमंजिला मकान है। इसमें पूरा परिवार रहता है। इसी मकान में सतना का रहने वाला अनिल (33) पिता शांता प्रसाद विश्वकर्मा किराए पर रह रहा था। बुधवार रात करीब 11 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इस दौरान अनिल ने चाकू से अक्षय का गला काट दिया। हत्या के बाद उसने अक्षय को लहूलुहान हालत को गैलरी से नीचे फेंक दिया। उसे ऐसा करते हुए अक्षय के छोटे भाई ने देख लिया। उसने अनिल को रोकने की कोशिश की तो उसके साथ हाथापाई की। वहीं, घायल अक्षय को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# वॉशरूम में वीडियो बनाकर पोस्ट किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** सतना के बीटीआई ग्राउंड में चल रहे विंध्य व्यापार मेले की चकाचौंध के बीच एक शर्मनाक करतूत सामने आई है। मेले के रामगढ़ सेक्शन में बने महिला बाथरूम में एक युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस घटना ने मेले में महिलाओं की सुरक्षा और निजता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही मेला प्रबंधन में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन के लोग देर रात कोलगवां थाने पहुंचे और अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से वीडियो के सोर्स का पता लगा रही है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# झोली बनी एम्बुलेंस...बीमार वृद्धा को कंधे पर लादकर अस्पताल ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलीराजपुर, एजेंसी।** जिले के ग्राम सामलाकुंड स्थित काचला फलिया (बस्ती) में सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को बीमार 62 वर्षीय वृद्धा को झोली में डालकर अस्पताल ले जाना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि रूपली वेस्ता मावी की तबीयत खराब होने पर झोली में डालकर मुख्य सड़क तक लाए। इसके बाद अस्पताल ले गए। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, यह बस्ती बरझर से गांगेड़ी गुजरात को जोड़ने वाले पक्के सड़क मार्ग से लगभग एक किमी अंदर स्थित है। इस फलिया



तक वाहनों के आने-जाने के लिए कोई सड़क नहीं बनी है। ग्रामीणों को पैदल ही आवाजाही करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि कम से कम एक कच्ची सड़क बन जाए, तो वाहन उनके घरों तक पहुंच सकेंगे और उन्हें ऐसी आपात स्थितियों में परेशानी नहीं होगी।

# अब बिना हेलमेट वाहन चलाने पर अर्थदंड बढ़ाकर 500 रुपये करने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर राज्य सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। हेलमेट नहीं लगाने पर अब 300 की जगह 500 रुपये अर्थदंड लगाने का प्रस्ताव है। वाहन चालक हो या पीछे बैठने वाला दोनों के लिए 500-500 रुपये अर्थदंड का प्रविधान किया जाएगा। परिवहन आयुक्त कार्यालय ने इसका प्रस्ताव शासन को भेजा है। इसे शीघ्र ही स्वीकृति के लिए कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार जनवरी, 2026 से नए प्रविधान लागू हो सकते हैं। एमपी में भी लगभग तीन वर्ष पहले अर्थदंड बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट में आया था, पर कुछ मंत्रियों ने यह कहते हुए विरोध किया था कि इससे जनता की जेब पर बोझ बढ़ेगा। इस कारण इसे स्वीकृति नहीं मिली थी। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इनमें दोपहिया वाहन सवार जितने लोगों की मौत होती है, उनमें 80 प्रतिशत से अधिक बिना हेलमेट वाले होते हैं। इस कारण अर्थदंड बढ़ाने की तैयारी है। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट नहीं लगाने पर पहले से चालान 500 रुपये है।

## संपादकीय

# आसमान में भारत का दबदबा: नए विमान, नई उम्मीदें

नया साल 2026 भारत की एविएशन मार्केट के लिए कुछ खास होगा। वह इसलिए क्योंकि नए साल में भारत की सरजमीं पर पहली बार भारतीय एयरलाइंस के दो नए एयरक्राफ्ट A350-1000 और A321-XLR लैंड करेंगे। दोनों ही प्लेन बेहद एडवांस कम फ्यूल खपत करने और करीब 50 फीसदी कम शोर करने वाले हैं। इनमें उड़ान भरना भारतीय यात्रियों के लिए एक शानदार अनुभव रहेगा। भारत की किसी भी एयरलाइंस के पास अभी तक इन दोनों मॉडल वाले एयरक्राफ्ट नहीं है। इनमें से इंडिगो के बेड़े में शामिल होने वाले A321-XLR के तो अगले महीने जनवरी के पहले सप्ताह में फ्रांस के टूलूज से दिल्ली में लैंड करने की उम्मीद है। इससे इंडिगो एथेंस के लिए फ्लाइट शुरू करेगी। यह पहला मौका होगा जब भारत की कोई एयरलाइन यूनान की राजधानी के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करेगी। इसमें बिजनेस और इकोनॉमी दो क्लास होंगे। इसे इंडिगो भारत में दिल्ली और मुंबई से एथेंस के बीच डायरेक्ट फ्लाइट के रूप में कनेक्ट करेगी। दूसरी तरफ, एयर इंडिया भी अपने यात्रियों के लिए गेम चेंजर करने का काम कर रही है। वह भी अगले साल अपने बेड़े में भारत का पहला A350-1000 प्लेन शामिल कर रही है। अभी तक भारतीय एयरलाइंस के पास A350-900 प्लेन तो है लेकिन किसी के पास भी A350-1000 प्लेन नहीं है। भारत में यह पहला प्लेन है जो अगले साल एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हो जाएगा। इस वाइड बॉडी एयरक्राफ्ट को दिल्ली से न्यूयार्क, नेवार्क और लंदन रूट पर यूज किया जाएगा। एयर इंडिया के बेड़े में ही जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में बोइंग का 67879 भी शामिल हो रहा है। एयर इंडिया के लिए यह प्लेन इसलिए खास है, क्योंकि 2023 में दिए गए उसके 570 हवाई जहाज के ऑर्डर में यह पहला प्लेन होगा। जो उसे उसके हिसाब से डिजाइन किया हुआ मिलेगा। वरना, अभी तक एयर इंडिया को छह और एयर इंडिया एक्सप्रेस को 50 प्लेन मिले हैं। वह रूस की एयरलाइंस एरोफ्लोट और एक दूसरी एयरलाइंस के लिए बनाए गए थे उसमे रूस-यूक्रेन युद्ध होने की वजह से एरोफ्लोट ने अपने लिए बनवाए छह ए-350 नहीं लिए।

## महिला जगत

# कान से फरारी तक, इन भारतीय महिलाओं ने 2025 में रिकॉर्ड तोड़े और इतिहास रचा

साल 2025 भारतीय महिलाओं के नाम रहा। इन महिलाओं ने ग्लोबल स्तर पर भारत का मान बढ़ाया और अपनी उपलब्धि से इतिहास रचा। इस श्रेणी में कांस में पहली महिला निर्देशक से लेकर कांजीरंगा की प्रहरी तक शामिल हैं।



सिर्फ कैलेंडर का एक साल नहीं रहा, यह भारतीय महिलाओं की वैश्विक विजय गाथा बन गया। सिनेमा से लेकर संरक्षण, कॉरपोरेट नेतृत्व से लेकर स्पोर्ट्स ट्रैक तक, इन महिलाओं ने न सिर्फ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि दशकों से जमी सोच को भी हिला दिया। कान्स से लेकर काजीरंगा तक, कॉरपोरेट बोर्डरूम से लेकर रेस ट्रैक तक, साल 2025 कुछ महिलाओं के नाम से भी याद किया जाएगा। ये वह महिलाएं हैं जिन्होंने सिर्फ इतिहास नहीं बदला, बल्कि दुनिया की दिशा बदलने का भी काम किया। आइए जानते हैं साल 2025 में नाम कमाने वाली इन भारतीय महिलाओं के बारे में।

### ● पायल कपाड़िया

कान्स में इतिहास रचने वाली भारतीय महिला पायल कपाड़िया साल 2025 में चर्चा में रहीं। फिल्म All We Imagine As Light के लिए पायल कपाड़िया ने कान्स फिल्म फेस्टिवल का ग्रांड प्रीक्स जीतकर इतिहास रच दिया। 30 साल बाद किसी भारतीय निर्देशक को यह सम्मान मिला और वह पहली महिला निर्देशक बनीं। यह भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ अवॉर्ड नहीं, वैश्विक मान्यता का क्षण है।

### ● वर्षा देशपांडे

वर्षा देशपांडे ने बेटियों की रक्षा में तीन दशक का संघर्ष किया। महाराष्ट्र में लिंग चयन के खिलाफ 30 वर्षों से लड़ रहीं सामाजिक कार्यकर्ता वर्षा देशपांडे को 2025 UN Population Award से सम्मानित किया गया। ग्राउंड लेवल पर काम कर उन्होंने हजारों लड़कियों की जिंदगी बचाई और महिलाओं को कानूनी व सामाजिक ताकत दी।

### ● डॉ. अंजली अग्रवाल

उनका नाम भारत को सुलभ बनाने वाली महिलाओं की सूची में शामिल है। 'समर्थ्यम' संस्था के जरिए तीन दशकों से डॉ. अंजली अग्रवाल भारत के सार्वजनिक स्थलों को डिसएबल-फ्रेंडली बना रही हैं। उनका काम मोबिलिटी नहीं, गरिमा और समानता सुनिश्चित करता है।

### ● लीना नायर

कोल्हापुर से शैनल की CEO तक का सफर तय करने वाली लीना नायर ने भारतीय नेतृत्व की परिभाषा बदलती है। वह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित लग्जरी ब्रांड Chanel की ग्लोबल सीईओ हैं। ये सिर्फ उनका करियर ग्रोथ नहीं , बल्कि ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### ● जानवी जिंदल

जान्हवी जिंदल ने महज 18 साल की उम्र में 11 गिनीज रिकॉर्ड बनाएं हैं। बिना किसी औपचारिक ट्रेनिंग, सिर्फ यूट्यूब और जिद के दम पर जानवी जिंदल भारत की सबसे ज्यादा गिनीज रिकॉर्ड रखने वाली महिला बन चुकी हैं। राष्ट्रीय स्तर पर वह सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

### ● जयंती वेंकटेशन

जयंती चेन्नई की सांसें बचाने वाली महिला हैं। पल्लिकरणई मार्शलैंड को बचाने के लिए जीवन समर्पित करने वाली जयंती वेंकटेशन की कोशिशें से भारत को पहला Ramsar Wetland Conservation Award मिला। यह सिर्फ पर्यावरण नहीं, शहरी भविष्य की रक्षा है।

### ● डॉ. सोनाली घोष

सोनाली घोष को काजीरंगा की प्रहरी कहा जा सकता है। वन्यजीव संरक्षण में नवाचार के लिए डॉ. सोनाली घोष बनीं वह IUCN Kenton Miller Award जीतने वाली पहली भारतीय हैं। गैंडे, बाघ और जैव विविधता तीनों के भविष्य को सुरक्षित करने में उनकी भूमिका निर्णायक है।

### ● डायना पुंडोले

फेरारी ट्रैक पर भारत की रफ्तार तो डायना ने तेजी दी। डायना पुंडोले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फेरारी रेस करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। फरारी 296 चैलेंज को मिडिल ईस्ट ट्रैक्स पर दौड़ाकर उन्होंने मोटरस्पोर्ट्स में नया अध्याय लिखा।

Rajasthan

# राजस्थान पुलिस पर पथराव, मस्जिद में रेलिंग लगाने के विवाद में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल

**जयपुर, (एजेंसी)** जयपुर जिले के चौमूं कस्बे में शुक्रवार तड़के सांप्रदायिक तनाव और पुलिस पर हमले की खबर सामने आई है। बस स्टैंड के पास स्थित एक मस्जिद की रेलिंग लगाने के विवाद ने इतना तूल पकड़ लिया कि उपद्रवियों ने पुलिस जाब्ते पर जमकर पथराव किया। इस हिंसक झड़प में 6 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

विवाद की जड़ मस्जिद के बाहर सड़क किनारे लगे पत्थरों को हटाने से जुड़ी है। प्रशासन के साथ हुई वार्ता में



समुदाय के लोगों ने खुद पत्थर हटाने का आश्वासन दिया था। लेकिन शुक्रवार सुबह करीब 3 बजे, पत्थर हटाने के बाद वहां लोहे की रेलिंग लगाकर बाउंड्री बनाने का काम शुरू कर दिया गया। जब मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने इस निर्माण को रोकने की कोशिश की, तो भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर हमला कर दिया।

अचानक हुए पथराव में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को संभलने का मौका नहीं मिला। घायल 6 जवानों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जयपुर से एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार और डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद भारी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे।

Uttarpradesh

## कुल्हाड़ी से 26 वार कर पति को मार डाला

### घटनास्थल पर टूटा बेलन, खून से सना सिलबट्टा दे रहे थे बर्बरता की गवाही

**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी के कानपुर से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां बिठूर थानाक्षेत्र के टिकरा गांव में रात में हुए झगड़े में पत्नी वीरांगना ने पति रविशंकर सविता उर्फ पप्पू की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करके जान ले ली। पप्पू की हत्या के बाद घर में फैला जगह-जगह खून देख पुलिसकर्मी भी दंग रह गए। फॉरेंसिक टीम को छानबीन के दौरान खून से सना एक सिलबट्टा और टूटा हुआ बेलन मिला है। मौके से कुल्हाड़ी नहीं मिल सकी है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, वारदात के वक्त चार साल का बेटा जैन घर में था।

बिठूर थानाक्षेत्र के टिकरा गांव में बुधवार रात करीब 12 बजे शराब के नशे में पति-पत्नी में विवाद हो गया। पत्नी वीरांगना ने पति रविशंकर सविता उर्फ पप्पू (45) को कुल्हाड़ी से 26 वार कर मार डाला। पुलिस ने पत्नी को हिरासत में ले लिया है।

छोटे भाइयों संतोष और जीतू ने बताया कि रविशंकर टाइल्स, पत्थर लगाने का काम करता था। साल 2019 में उसकी बांदा के तिंदवारी निवासी वीरांगना से शादी हुई थी। उनके चार साल का बेटा जैन (4) है। मां बिटौला व पिता हरीशंकर संग रहते हैं। वह करीब एक किलोमीटर दूर पांच साल से पत्नी और बच्चे के साथ अलग रहता था। पप्पू और वीरांगना दोनों शराब पीते थे।

इस कारण आए दिन दोनों में विवाद होता था। आरोप है कि वीरांगना रात आठ बजे पनकी निवासी अपनी बहनों के घर से शराब पीकर आई और पप्पू भी काम से घर लौटा। देर रात दोनों में मारपीट होने लगी। पत्नी ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ सिर, चेहरे, हाथ, गर्दन में कई वार किए। छीनाझपटी में महिला के सिर पर भी चोट लग गई। खून से लथपथ रविशंकर फर्श पर गिर गया। इसके बाद वीरांगना ने फोन कर पति के एक्सीडेंट में घायल होने की झूठी सूचना दी।

Uttarpradesh

## मोदी का कार्यक्रम खत्म होने के बाद लखनऊ में गमलों की लूट, पौधे उठा ले गए लोग

**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ में 25 दिसंबर यानि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूरे इलाके को भव्य रूप से सजाया गया था। प्रेरणा स्थल से लेकर आसपास के मार्गों तक फूल-पौधों, गमलों और हैंगिंग वॉल के जरिए हरियाली का सुंदर नजारा देखने को मिला। नगर निगम की ओर से स्थल मार्ग, वसंत कुंज रोड और ग्रीन कॉरिडोर पर बड़ी संख्या में छोटे-छोटे गमले लगाए गए थे, ताकि प्रधानमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम को खास बनाया जा सके। हालांकि, कार्यक्रम समाप्त होने और प्रधानमंत्री के लखनऊ से रवाना होते ही यह सजावट ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी। पीएम के जाने के कुछ ही समय बाद आसपास के लोग सजावट के लिए लगाए गए गमलों को उठाकर ले जाने लगे। बाइक सवार, कार से गुजरने वाले लोग और यहां तक कि पैदल चल रहे लोग भी पौधों को अपने साथ ले जाते दिखाई दिए। देखते ही देखते सड़क किनारे लगाई गई हरियाली उजड़ने लगी। इस पूरी घटना का वीडियो वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

Rajasthan

## चलती कार में महिला मैनेजर से गैंगरेप के मामले में पुलिस का एक्शन, IT कंपनी के CEO समेत 3 अरेस्ट

**उदयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के उदयपुर में एक निजी आईटी कंपनी की मैनेजर के साथ कथित कॉर्पोरेट गैंगरेप मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि जांच की जिम्मेदारी एडिशनल एसपी माधुरी वर्मा को सौंपी गई है।

एसपी गोयल के अनुसार, पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और एफआईआर के आधार पर कार्रवाई की गई। मेडिकल जांच में चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे प्रथम दृष्टया गैंगरेप की पुष्टि होती दिखाई दे रही है। पुलिस को जांच में एक अहम सुराग भी हाथ लगा है। आरोपियों की कार में लगे डैशकैम के ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, जिसमें घटना के दौरान की आवाजें कैद होने की बात सामने आई है। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें आईटी कंपनी का सीईओ जितेश, उसकी सहकर्मी महिला एग्जीक्यूटिव हेड शिल्पा और उसका पति गौरव शामिल हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपी सीईओ जितेश सिसौदिया आईआईटीयन है। पुलिस के मुताबिक, 20 दिसंबर को कंपनी के सीईओ की बर्थडे और न्यू ईयर पार्टी उदयपुर के शोभागपुरा इलाके के एक होटल में आयोजित की गई थी। पीड़िता रात करीब 9 बजे पार्टी में पहुंची थी, जो देर रात 1:30 बजे तक चली। पार्टी के बाद जब पीड़िता की तबीयत बिगड़ने लगी तो कुछ लोग उन्हें घर छोड़ने की बात कर रहे थे, लेकिन महिला एग्जीक्यूटिव हेड ने उन्हें आफ्टर पार्टी के लिए साथ चलने का प्रस्ताव दिया।

खेल

# अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम, तीसरे टी20 में सीरीज जीतने का मौका

**विशाखापत्तनम, (एजेंसी) आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ तीसरा टी20 मुकाबला खेलने उतरेगी, जहां उसका लक्ष्य न सिर्फ मैच जीतना बल्कि पांच मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करना होगा। अब तक खेले गए दोनों मैचों में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारतीय टीम की यह पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत रही है, जो उसके शानदार फॉर्म को दर्शाती है। वहीं, श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई 2024 में दांबुला में हराया था।**

मेजबान भारत के पास गहराई वाला और संतुलित बल्लेबाजी क्रम है। पहले टी20 में जेमिमा रोड्रिग्स ने अहम भूमिका निभाई थी, जबकि दूसरे मैच में शेफाली वर्मा ने





आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए जीत की नींव रखी। गेंदबाजी में भी भारत का दबदबा साफ नजर आया है। स्पिन तिकड़ी, एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित और प्रभावी गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को पहले मैच में 121/6 और दूसरे में 128/9 पर रोक दिया। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा बुखार के कारण दूसरा टी20 नहीं खेल पाईं, लेकिन उनकी जगह उतरी स्नेह राणा ने चार ओवर में महज 11 रन देकर एक विकेट लेकर प्रभावित किया।

हालांकि भारतीय टीम को क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत है। पहले मैच में पांच कैच छूटे थे, हालांकि दूसरे मैच में तीन शानदार रन आउट कर टीम ने वापसी की। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत अगले मुकाबलों में अपने प्रदर्शन को और निखारना चाहेगा।

दूसरी ओर, श्रीलंकाई टीम अब तक संघर्ष करती नजर आई है। पहले मैच में विष्मी गुणरत्ने (39 रन) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। दूसरे टी20 में कप्तान चामरी अटापट्टू के आउट होने के बाद टीम ने मात्र 26 रन के भीतर छह विकेट गंवा दिए, जिससे उसकी कमजोरी उजागर हो गई। हालांकि, स्थान परिवर्तन से श्रीलंका को उम्मीद है कि उसकी किस्मत बदलेगी, लेकिन दोनों टीमों के प्रदर्शन में फिलहाल बड़ा अंतर दिख रहा है।

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमालिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंका:** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हसिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

सिनेमा

## करोड़ों में सलमान की नेटवर्थ, एक्टिंग के अलावा जानें क्या-क्या करते हैं सलमान खान



बॉलीवुड एक्टर्स का करियर काफी उतार-चढ़ाव भरा होता है. जरूरी नहीं कि किसी भी एक्टर की हर फिल्म सुपरहिट हो. इसलिए कई बॉलीवुड एक्टर का साइड बिजनेस होता है. जिससे वो काफी पैसा कमाते हैं. 60 साल के हो चुके सलमान खान की नेटवर्थ इस समय लगभग 3000 करोड़ रुपये है. जिसमें से आधा पैसा उन्होंने बिजनेस से कमाया है. बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार में एस एक सलमान खान ने एक्टिंग करियर के अलावा रियल स्टेट, फिटनेस वेंचर्स और लाइफ स्टाइल ब्रांड्स से भी काफी कमाई की है. आइये आपको बताते हैं सलमान खान ने एक्टिंग के अलावा और कहां-कहां किन कामों में एक्टिव है. सलमान खान ने 2007 में 'बीइंग ह्यूमन फाउंडेशन' की स्थापना की, जो शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में काम करता है. ये हार्ट सर्जरी, क्रैनियोफेशियल ट्रीटमेंट, आई कैंप्स और कैंसर पेशेंट्स की मदद करती है. ब्रांड की सेल्स से फंडिंग होती है. सबसे खास बात यह फाउंडेशन अलग रेवेन्यू मॉडल पर काम करता है. लोगों से डोनेशन लेने के बजाए बीइंग ह्यूमन के कपड़े ऑनलाइन और स्टोर पर बेचकर पैसे जुटाए जाते हैं. जब से इस फाउंडेशन की स्थापना हुई है तब से इसके प्रमोशन का जिम्मा खुद सलमान ने ही उठाया है. फिटनेस सिर्फ सलमान के लिए एक शौक नहीं है, यह उनकी पहचान है. 2019 में, उन्होंने पूरे भारत में जिम की एक चेन SK-27 लॉन्च की. वह यहीं नहीं रुके.

## Highlights

1. **Another Hindu man killed by mob in Bangladesh days after Dipu Chandra Das' lynching**
2. **Hike in train fare not applicable to already booked tickets: Railways**
3. **SC rejected 100 m definition of Aravallis in 2010 which it approved in 2025**
4. **Mob with sticks breaks Christmas decorations at Chhattisgarh mall**
5. **He was a great human: Mahindra as he shares old pic with Vajpayee**

# Zepto said to file confidential draft IPO papers today for 2026 listing

**NEW DEIHI, (Agency).** Quick commerce unicorn Zepto is set to pre-file its draft red herring prospectus (DRHP) with market regulator Sebi on Friday through a confidential route, as it targets a stock market listing sometime next year, according to sources.

The move positions Zepto to become one of the youngest startups to list on Indian stock exchanges.

If the listing goes through, Zepto will join its rivals Zomato and Swiggy, both of which are already listed on the exchanges.

"Zepto is set to pre-file its draft red herring prospectus (DRHP) with Sebi on December 26," people familiar with the developments told PTI. HT.com hasn't independently verified this information.

Eternal, which owns Zomato and quick commerce platform Blinkit, was listed in 2021, while Swiggy, which operates Instamart, made its stock market debut in November 2024.



The confidential pre-filing allows the company to engage with the Securities and Exchange Board of India (Sebi) for initial feedback on its draft document without it being publicly disclosed. This route has been increasingly favoured by companies seeking more flexibility in their IPO preparations and responding to market conditions before a public filing.

Queries sent to Zepto elicited no response.

Valued at USD 7 billion, the company has raised a total of USD 1.8 billion, or about ₹16,000 crore, from marquee investors since its inception.

In October 2025, the company raised USD 450 million (about ₹3,757.5 crore) in a funding round led by the California Public Employees' Retirement System (CalPERS) at a valuation of USD 7 billion.

Zepto achieved unicorn status in August 2023, after raising USD 200 million in its Series E funding round, which valued the startup at USD 1.4 billion. Founded by Stanford University dropouts Aadit Palicha and Kaivalya Vohra, Zepto rapidly scaled its 10-minute grocery delivery model across major Indian cities.

# No 'Santa Rally' as Sensex, Nifty 50 fall 0.25% after Christmas Day break

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market inched lower at the open today, as markets paused on thin year-end trading volumes, with analysts saying further upside dependent on earnings momentum.

At 10:25 am, the 30-share S&P BSE Sensex was trading lower by about 0.25% at 85,194.50 points even as the broader Nifty 50 was down 0.23% to test 26,100 levels. Fourteen out of the 16 major sectors logged losses at the open. The broader small-caps and mid-caps fell 0.1% each.

Both Nifty 50 and Sensex hit record highs in November after 14 months, but have remained muted so far in December, shedding about 0.2% and 0.4%, respectively.

"In the absence of fresh triggers like a US-India trade deal, the market is likely to consolidate around the present levels," V K Vijayakumar, Chief Investment Strategist, Geojit Investments Ltd, said.

"Sentiment remains fragile amid low holiday volumes, FII selling of ₹1,721 crore and lack of strong domestic cues, keeping markets range-bound and volatile," Prashanth Tapse, Senior VP (Research), Mehta Equities Ltd, said.

Top Nifty 50 stocks today

Top gainers: Titan Ltd., Bharat Electronics Ltd., Cipla Ltd., Trent Ltd. and Coal India Ltd.

Top losers: Asian Paints Ltd., Bajaj Finance Ltd. Tata Steel Ltd., Sun Pharma Ltd. and Shriram Finance Ltd.

Analyst take on stock market today

"In the absence of fresh triggers like a India-US trade deal, the stock market is likely to consolidate around the present levels." — V.K. Vijayakumar, Chief Investment Strategist at Geojit Investments Ltd.

"Sentiment is fragile amid low holiday volumes, lack of strong domestic cues, keeping markets range-bound and volatile." — Prashanth Tapse, Senior VP (Research), Mehta Equities Ltd.

India's stock market in 2026

For analysts, 2026 couldn't come sooner, for that would mean three catalysts in play for the stock market in early part of the year:

# लिव-इन में रह रही युवती ने किया सुसाइड

## लिव-इन पार्टनर हिरासत में

**इंदौर। सांईकृपा कॉलोनी में एक सप्ताह पहले दोस्त के पास रहने आई 22 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली। बुधवार रात युवती का शव फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद दोस्त ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और युवती के दोस्त को हिरासत में ले लिया है।**



खजराना थाना प्रभारी मनोज सेंधव के अनुसार बुधवार रात करीब 11:30 बजे एमवाय अस्पताल से सूचना मिली थी कि जागृति कर्मा (22) को उसका दोस्त हर्ष पुत्र रोहित मिश्रा अस्पताल लेकर पहुंचा है। डॉक्टरों ने जांच के बाद जागृति को मृत घोषित कर दिया। हर्ष ने बताया कि उसने रात करीब 9 बजे जागृति को फंदे पर लटका हुआ देखा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि जागृति उज्जैन के एमआईटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी और मूल रूप से रीवा की रहने वाली थी। वह एक सप्ताह पहले इंदौर में दोस्त हर्ष के पास रहने आई थी। हर्ष मूल रूप से देवास का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। पुलिस ने हर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में हर्ष ने बताया कि घटना से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। हालांकि आत्महत्या के कारणों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने मामले की जानकारी जागृति के परिजनों को दे दी है। जागृति के पिता शिक्षक हैं और परिवार में एक बहन व एक भाई भी है। थाना प्रभारी के मुताबिक परिजनों के बयान अभी दर्ज नहीं किए गए हैं। हर्ष से गुरुवार दोपहर में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# गोवा से शादी में आई प्रोफेसर महिला के आभूषण चोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **मैं अपनी सहेली के बेटे के शादी के फंक्शन में आई गोवा की रिटायर्ड महिला प्रोफेसर का आभूषण से भरा पर्स चोरी हो गया। मामले में महिला ने बुधवार को थाने आकर एफआईआर कराई है।**

कनाडिया पुलिस ने बताया कि 62 साल की नीलिमा सावंगीकर निवासी रिसारा एगीगेट नियर करण झलेम जंक्शन गोवा सहेली के बेटे की शादी के चलते इंदौर आई थी। भंडारी रिसोर्ट पर बुधवार को तिलक का प्रोग्राम था। वह एक कुर्सी पर बैठी थी। नजदीक की कुर्सी खाली होने के चलते वहां अपना पर्स रख दिया। पीछे बैठे एक लड़के ने ध्यान भटकने पर पर्स चुरा लिया। पर्स में सोने की चेन, नेकलेस, सोने का लॉकेट, दो सोने के झुमके, करीब 14 हजार रुपए नकदी ओर मोबाइल था। नीलिमा के मुताबिक बाद में पर्स भंडारी रिसोर्ट की पार्किंग में पड़ा मिला। वह खाली थी। स्टाफ को जानकारी देने के बाद थाने आकर एफआईआर की गई। पुलिस को सीसीटीवी में एक चोर पर्स उठाते हुए दिखा है। पुलिस अब इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

वहीं, कनाडिया में भी एक होस्टल में घुसकर आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बुधवार को आसिफ खान निवासी सर्वानंद नगर की शिकायत पर अज्ञात चोरी के मामले में एफआईआर की है। पुलिस ने बताया कि उसके कमरे से अज्ञात बदमाश ने एक लैपटॉप,चांदी की चेन और पर्स में रखे रुपए चुराकर ले गया। पुलिस इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक